कार्यालय पुलिस उपायुक्त जोन काशी, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 16.11.2024

विषयः-विनायका प्लाजा के पार्किंग से गाड़ी चोरी करने वाले अभियुक्त को थाना सिगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन व सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0375/2024 धारा 303(2) BNS व बढोत्तरी धारा 317(2) BNS थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्त उम्र करीब 19 वर्ष को मालगोदाम रोड के पास थाना सिगरा, कमिश्नरेट वाराणसी से दिनांक 16.11.2024 गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- वादी मुकदमा द्वारा लिखित तहरीर में बताया गया है की वादी की पत्नी गायत्री सिंह विनायका प्लाजा के अंतर्गत HDFC life Insurance Comp ltd 4th Floor Tower C,Business Manager के पद पर कार्यरत है। विनायका प्लाजा Tower C के B-1 पार्किंग में स्कूटी सं0 UP65DF3116 पार्क करके अपने कार्यालय में कार्य सम्पादित कर रही थी। पार्किंग से ही दिनांक 30/10/2024 समय शाम 3.45 पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने स्कूटी को चोरी कर लिया। उक्त लिखित तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछतांछ - अभियुक्त अंकित गिरि पुत्र राजेश गिरि नि0 सरौनी पूरापट्टी थाना केराकत जिला जौनपुर उम्र 19 वर्ष पूछताछ पर बता रहा है कि साहब मेरे पास चोरी की गाड़ी है इसलिए मै भागने का प्रयास कर रहा था मैने यह गाड़ी दिनांक 30.10.2024 की दोपहर में विनायक प्लाजा पार्किंग से चुराया था जिसे मैं कुछ दिन से अपनी जरुरत पूरी करने के लिए चला रहा हूँ साहब मुझसे गलती हो गयी मुझे माफ कर दीजिए। इस प्रकार अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए बारबार माफी मांग रहा है।

सम्बन्धित अभियोगः-

मु0अ0सं0 0375/2024 धारा 303(2) BNS व बढोत्तरी धारा 317(2) BNS थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र-

1. अंकित गिरि पुत्र राजेश गिरि नि0 सरौनी पूरापट्टी थाना केराकत जिला जौनपुर उम्र 19 वर्ष

बरामदगी का विवरण- स्कूटी सफेद रंग व पीछे UP65DF3116, इन्जन नं0 JF21E82142454 चेसिस नं0 ME4JF21BDJ8040823

<u>गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. श्री संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. म0उ0नि0 कुसुम जायसवाल थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 मृत्युंजय सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. कां0 चिन्ताहरण तिवारी , थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. कां0 अखिलेश गिरि थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0रामभवन राजभर, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
7. कां0 संतोष कुमार, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन काशी
कमिश्नरेट वाराणसी